DR. RATNAKAR PANDEY; Madam, we are happy that you managed to make the hon. Minister present here physically.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The Minster has managed on his own. *(Interruptions).*

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, मैं गुजारिश करूंगा कि यह बहुत ही सीरियस मामला है । अगर मिनिस्टर साहब समझते हैं कि ऐसा हुआ है तो उनकी मॉरल ड्यूटी है कि वह रिजाइन कर दें । इससे उनका मान-सम्मान बढ़ेगा ... **(व्यवधान)**

†[ثری محمد افضل عرف م- افضل: میڈم--میں گزارش کروںگا کہ یہ بہت ہی سیریس معاملہ ہے - اگر منسٹر صاحب سمجھتے ہیں کہ ایسا ہوا ہے تو انکی مورل ڈیوٹی ہے کہ وہ ریزائن کردیں - اس سے انکا مان سمان بڑھے گا ..(مداخلت)]

उपसभापति : एक मिनट प्लीज । अगर रैजिगनेशन से ...**(व्यवधान)**

डा. रत्नाकर पाण्डेय : मिनिस्टर : है कहां से अभी ।

उपसभापति : पाण्डेय जी, जरा एक मिनिट रुकिए । पहले मेरी बात तो सुनिए ...**(व्यवधान)** आप तशरीफ रखिए । पहले आराम से, सुकून से मेरी बात सुनिए । मंत्री जी आ गए हैं । मैं आपको बताऊं उनको बुखार था, वह घर में लेटे थे मगर इस मसले की सीरियसनैस को देखते हुए वह हाउस में आए हैं ।

हमारा प्राइवेट मैंबर्स का बिजनैस ढ़ाई बजे शुरू होता है । मंत्री जी मौजूद हैं और बयान लेकर आए हैं । अगर हाऊस की यह मरजी है कि वह अभी बयान दें दे तो ...**(व्यवधान)** एक मिनट ... आप खुदा के वास्ते पूरी बात तो सुना करो । आप तो खड़े हो जाते हैं इस तरह से । मेरी बात पूरी हो जाय फिर आपको जो कहना है, कहिए । हम लोग प्राइवेट मैंबर्स के बिजनैस में एनक्रोच नहीं करते हैं । अगर हाऊस इस बात पर एग्री करे कि मंत्री जी औ अभी बोलें और ढाई घंटे में से जितना समय अभी लगे । वह समय बाद में बढ़ा दें क्योंकि प्राइवेट मैंबर्स के काम को हम कम नहीं करना चाहते । मेरी आपसे गुजारिश है कि आप लोग सोच लीजिए । अगर पूरा हाऊस चाहता है कि मंत्री जी अभी बोल दें तो अभी बोल देंगे और अगर आप चाहें तो वह मंडे को बोल देंगे ।

कुछ माननीय सदस्य : अभी ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : पार्लियामेंटरी मिनिस्टर साहब का एक बिजनैस है, उसे पहले पूरा कर दें ... **(व्यवधान)** एक मिनट, जरा पार्लियामेंटरी मिनिस्टर साहब अपना बिजनेस ले कर दें ...**(व्यवधान)** मैं अभी आपके मसले पर आती हूं, पहले जरा यह बिजनेस लेने दीजिए ।

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

ANNOUNCEMENT RE. GOVERNMENT BUSINESS FOR THE REMAINING PERIOD OF THE SESSION

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB); Madam, with your permission I rise to announce that Government business for the remaining period of the Session will consist of:

1. Consideration and passing/return of the following Bills as passed by Lok Sabha: —

(a) The Appropriation (No. 4) Bill, 1991.

(b) The places of Worship (Special Provisions) Bill, 1991.

(c) The Special Protection Group (Amendment) Bill, 1991.

(d) The Central Excises and Customs Laws (Amendment) Bill 1991.

(e) The Remittances of Foreign Exchange and Investment in Foreign

[Shri M, M. Jacob]

Exchange Bonds (Immunities & Exemptions) Bill, 1991

(f) The Finance (No. 2) Bill, 1991.

2. General Discussion on the Punjab Budget for 1991-92.

3, Consideration and return of the Punjab Appropriation (Vote on Account) No. 2 Bill, 1991, as passed by Lok Sabha.

4. General Discussion on the Jammu and Kashmir Budget for 1991-92.

5. Consideration and return of the Jammu and Kashmir Appropriation (No. 3) Bill, 1991 as passed by Lok Sabha.

6. Consideration and return of the Voluntary Deposits (Immunities and Exemptions) Bill, 1991, as passed by Lok Sabha.

SPECIAL MENTION—Contd.

Derogatory Reference to Maulana Abul Kalam Azad in a Doordarshan Programme—Contd.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, अगर आप इजाजत दें तो मैं यह कहना चाहता हूं कि कल 11 लोगों ने स्पेशल मैंशन के लिए दरख्वास्त दी थी । हमने मौलाना अब्दुल्ला खान आजमी साहब से कहा कि आप इस पर बोलिए और आपने एक-दो नाम पुकारे भी । इसके बाद मेरी आपसे गुजारिश है कि यह बहुत ही गंभीर मसला है । मौलाना आजाद की हमने अभी सेंटिनरी मनाई है और मौलाना आजाद के सिलसिले में इतना वाहियात, इतना घटिया प्रोग्राम दिया गया है जिसकी वजह से पूरे मुल्क के अंदर एक रिजेंटमेंट है । इसलिए मैं दरख्वास्त करूंगा कि मंत्री जी चूंकि सुबह मौजूद नहीं थे और इस वक्त वह खुद बनसपे-नफीज मौजूद हैं । उनकी तबियत का हमें अहसास है कि उनकी तबियत खराब है और हम उनके शुक्रगुजार भी हैं कि मैंने अगर इस्तीफे की मांग की है तो मेरी कोई नाराजगी नहीं है बल्कि मैं समझता हूं कि इस मसले पर अगर वह इस्तीफा दे दें तो ... **(व्यवधान)**

[شوی محمد افضل عرف م- افضل:

میڈم اگر آپ اجازت دیں تو میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ کل لوگوں نے اسپیشل میلشن کیلئے درخواست دی تی - ہم نے مولانا عبیداللہ خان اعظمی صاحب سے کہا کہ آپ اس پر بولئے اور آپ نے ایک دو نام پکارے بھی - اسکے بعد میری آپ سے گزارش ہے کہ یہ بہت ہی اہمیر مسئلہ ہے - مولانا آزاد کی سینٹنری منائی ہے اور مولانا آزاد کے سلسلہ میں اتنا واہیات اتنا گھٹیا پروگرام دیا گیا ہے جسکی وجہ سے پورے ملک کے اندر ایک ریزمنٹ ہے - اسلئے میں درخواست کرونگا کہ منتری جی کیونکہ صبح موجود نہیں تھے اور اسوقت وہ خود بھاسے نفیس موجود ہیں - انکی طبیعت کا ہمیں احساس ہے کہ انکی طبیعت خراب ہے اور ہم انکے شکر گزار ہین - میں نے اگر استعفی کی مانگ کی ہے تو میری کوئی ناراضگی نہیں ہے بلکہ میں سمجھتا ہوں کہ اگر اس مسئلہ پر وہ استعفا دیدین تو (مداخلت)....]

†.[ ] Transliteration in Arabic Script.